PAGE No.
DATE / / 201

रोल नं० ⇒ 12

## निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

विषय = यातायात जागरूकता
नाम =
कक्षा =

सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कीजिए
अपना कीमती जीवन बचाइए।

**प्रस्तावना** = यातायात दो शब्दो से मिलकर बना है यात + आयात। जिसका अर्थ होता है। आना – जाना
वर्तमान समय के व्यस्त जीवनशैली के चलते हम सभी का अधिकतर समय घर से बाहर आने – जाने मे ही गुजर जाता है। आने – जाने कि यह प्रक्रिया सड़को और वाहन के बिना बिल्कुल अपूर्ण है। इनके इन्हीं सड़को और वाहन के साधन से रोजाना ना जाने कितने लोगो की जान चली जाती है। इसलिए सड़क सुरक्षा सभी के लिए बेहद जरूरी है। जिससे हम खुद भी सुरक्षित रहे और किसी दूसरे की सुरक्षा भी हमारे कारण खतरे मे ना पड़े।

**सड़क सुरक्षा का अर्थ** = सड़क सुरक्षा का अर्थ सड़क दुर्घटनाओ को रोकने

Scanned By Scanner Go

के लिए किये गए उपायो से है
सड़क की सुरक्षा अर्थात् यात्र यातायात के
दौरान की सुरक्षा।
जिसके अन्तरगत सड़क सुरक्षा के लिए
रणनीति बनाई जाती है।
इसमे वाहन की गति तथा क्षमता नियंत्रण
के उपायो मे अपनाया जाता है।
साथ ही सड़क-सुरक्षा को ध्यान मे
रखते हुए महत्वपूर्ण नियमों का निर्माण
किया जैसे - कि ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट,
सीटबेल्ट की अनिवार्यता, अधिकतम
सवारी की तयसीमा आदि।

## सड़क सुरक्षा की आवश्यकता —

वाहन
चलाते वक्त सावधानी रखना अत्यंत
आवश्यक है तेज स्पीड मे वाहन
चलाने या यातायात के नियमों को
अनदेखा करने के कारण लोग हादसे
का शिकार हो जाते है। जिससे
शारीरिक पीड़ा के साथ - साथ कई बार
लोग अपनी जान तक गवा
बैठते है। अतः सभी लोगों को खासतौर
बच्चो और युवाओं को यातायात
के नियमो की अच्छा अच्छे
से जानकारी होनी चाहिए।

"सड़क सुरक्षा का महत्व जानिए"
जीवन है अनमोल इसका
मूल्य पहचानिए।

Scanned By Scanner Go

## सड़क सुरक्षा के नियम

वाहन को चलाते वक्त हेलमेंट और सीटबेल्ड पहनकर रखना चाहिए।
वाहन चलाते वक्त फोन पर बात नहीं करना चाहिए।
चौराहों पर लगी बत्ती पर ध्यान देना चाहिए जब लाल बत्ती जले तो रुक जाना चाहिए पीली बत्ती संकेत देती है जाने के लिए तैयार हो जाना। और हरी बत्ती संकेत देती है कि आगे बढ जाना चाहिए इन सभी नियमों को ध्यान देना चाहिए।
सड़क पर हमें बाँए तरफ चलना चाहिए हमें अपने घर के आस-पास बच्चों को यातायात के नियमो को बताना चाहिए और हमें खुद भी यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। सड़क पर वाहन को तेज स्पीड मे नहीं चलना चाहिए।

## उपसंहार —

वाहन चलाते वक्त हमें अलर्ट रहना चाहिए। अध्यापकों और अभिभावकों को बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करना चाहिए अधिकतर लोग शराब पीकर वाहन को चलाते है उनका खुद का तो नुकसान होता ही है साथ-साथ दूसरों का भी नुकसान होता है इसके प्रति सरकार को यातायात के नियमों को की और भी

Scanned By Scanner Go

कड़ाई करना चाहिए।
अमल अगर हम सभी यातायात के नियमों का पालन करें तो एक दिन सड़क सुरक्षा का सपना जरूर पूरा होगा। और हमारे देश में जो रोजाना दुर्घटना होती है यह कम हो सकती है। इसलिए सभी लोग यातायात नियमों का पालन जरूर करें।

सचेत रहें। सुरक्षित रहें।

सड़क सुरक्षा का नियम मान मानिए
इसका रखिए ज्ञान
तेज गति में वाहन न चलिए
इस बात का रखिए ध्यान।

Scanned By Scanner Go